बिहार राज्य बीज निगम लि0 द्वारा अभिसंस्करण हस्तक तैयार किया गया है, जिसे अभिसंस्करण से संबंधित समस्त निर्देश का समावेश किया गया है, जो कि विभिन्न ईकाइयों पर प्रसंस्करण कार्य को गुणवत्ता पूर्वक सम्पन्न करने में सहायक सिद्ध होगा।

बीजों के श्रोत Tracking हेतु QR code का इस्तेमाल बिहार राज्य बीज निगम लि0 द्वारा किया जा रहा है । निगम द्वारा रबी 2020 से प्रसंस्कृत बीजों का श्रोत ट्रेकिंग हेतु बीजों के पैकेट पर QR code लगाया गया है। उक्त QR Code को Scan कर समस्त जानकारी यथा फसलों के बुआई तिथि, फसलों की कटाई तिथि, प्रजनक बीज, आधार बीज, प्रमाणित बीज के श्रोत की जानकारी, बीज का वजन, बीज में नमी की मात्रा, बीज के प्रभेद, बीज उत्पादक का नाम, पता, ट्रांस्पोर्टर का नाम, इस्तेमाल किये गये रसायन की जानकारी, बीजों की लॉट संख्या, LIR/FIR, तथा बीजों की पैकिंग की जानकारी, कही भी किसी भी समय प्राप्त किया जा सकता है। पिछले माह निगम के पांच केन्द्र कुदरा, हाजीपुर, शेरघाटी, बेगुसराय, भागलपुर में रबी बीज का प्रसंस्करण कार्य सम्पन्न हुआ है। प्रसंस्करण समाप्ति के पश्चात् राज्य के किसानों को उच्च गुणवत्ता युक्त प्रसंस्कृत बीज ससमय वितरण किया जायेगा, जिससे उनके गुणवत्ता एवं उत्पादकता में निश्चित रूप से बढ़ोत्तरी होगी।

P Mahek

बीज संबंधित जानकारी के लिए QR Code Scan करें

बिहार राज्य बीज निगम लि0 द्वारा वार्षिक पंचाग सम्पादन की भी शुरूआत हुई है, जिसमें निगम के कार्य तथा बीज उत्पादन में होने वाले कार्यो का विवरण दिया गया है। इससे निगम से जुड़े तथा जुड़ने वाले सभी धारकों को सूचना की प्राप्ति हो सकेगी।

बिहार राज्य बीज निगम लि0 द्वारा वर्ष 2020–21 उत्पादन वर्ष के अन्तर्गत राज्य में गुणवत्तापूर्ण बीज की आवश्यकता की पूर्ति हेतु मिशन 4.0 की शुरूआत की गई है। मिशन 4.0 का लक्ष्य रबी–खरीफ एवं गरमा फसलों के उत्पादन लक्ष्य 4,82,000.00 (चार लाख बेरासी हजार क्वीं0) है। इस मिशन के अन्तर्गत रबी मौसम के लिए 2300 किसानों को निगम द्वारा चयन किया गया है । जिन्हें निगम द्वारा गुणवत्ता युक्त बीज मुहैया कराकर बीज उत्पादन के कार्य को बढ़ाने का लक्ष्य कृषि क्षेत्रीय पदाधिकारी (प्रशिक्षु) के द्वारा किया जा रहा है। अगले माह तक इस कार्य को यथासंभव कर लिया जायेगा। मुझे यह बताते हुए हर्ष होता है कि सब्जी, मक्का एवं हाइब्रिड धान के बीजों के उत्पादन का निर्णय भी बिहार राज्य बीज निगम द्वारा लिया गया है।

बीज उत्पादन से सबंधित समस्याओं के समाधान की सलाह के लिए किसान भाई अपने निकटतम बिहार राज्य बीज निगम लि0 के क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक एवं कृषि क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा प्राप्त कर सकते हैं।

आपके बेहतर स्वास्थ्य की कामनाओं के साथ।

(आदेश तितरमारे)
प्रबंध निदेशक


**बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड**

छठी मंजिल, पंत भवन, नेहरू पथ, पटना – 800001 (बिहार)

दूरभाषः 0612 2547066, वेबसाइटः brbn.bihar.gov.in ई–मेलः brbn.bih.mail@gmail.com

CIN : U01111BR1977SGC 001294




बिहार सरकार

बिहारबीज BIHAR BEEJ

# बीज संवाद पत्रिका

नवम्बर–2020





## बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड

छठी मंजिल, पंत भवन, नेहरू पथ, पटना – 800001 (बिहार)



## प्रिय बीज उत्पादकों, बीज वितरक, बीज विक्रेता, निगम के सभी कर्मी एवं पदाधिकारी

मैं अपार हर्ष के साथ सूचित करता हूँ कि बिहार राज्य बीज निगम एक मासिक पत्रिका का प्रकाशन शुरू करने जा रही हैं, जिसके माध्यम से किसान, बीज वितरक, बीज विक्रेता एवं निगम के कर्मी को बिहार राज्य बीज निगम लि0 द्वारा प्रतिपादित कार्य के बारे में अवगत कराया जाएगा।

बन्धुओं / बहनों,

नवम्बर माह में मनाए जाने वाले उत्सव दिवाली एवं छठ की ढेर सारी शुभकामनाएँ देते हुए आपके आने वाले उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। जैसा कि आपको मालूम है, कि इस वर्ष कोविड–19 जैसी वैश्विक महामारी के प्रभाव से सभी कार्यक्रम प्रभावित हुए है परन्तु कृषि कार्य इस महामारी में भी अनवरत जारी रहे इसके लिए भी आप सभी को बिहार राज्य बीज निगम लि0 की ओर से बधाई एवं धन्यवाद।

बिहार राज्य बीज निगम बढ़ती आबादी की खाद्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किसान बंधुओं को उन्नत किस्म के अधिक उपज वाले बीज मुहैया कराने के लिए सतत् प्रयासरत है। बिहार राज्य बीज निगम लि0 }ारा सरकार के विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत नवीन, उन्नत एवं अधिक उपज वाले गुणवत्ता युक्त बीज की आपूर्ति करता है।

रबी मौसम की फसलों की बुआई एवं खरीफ मौसम की फसलों की कटाई का कार्य नवम्बर माह में जारी रहेगा। तेलहन एवं दलहन फसल के बीज, वितरक / विक्रेता को आपूर्ति की जा चुकी है एवं गेहूँ के बीज की आपूर्ति शुरू की जा चुकी है, जिससे किसानों को ससमय बीज उपलब्ध हो सके। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ऐसा माना गया है कि ससमय फसल की बुआई से फसल की उत्पादकता में बढोत्तरी होती है।

माह जुलाई से सितम्बर तक बिहार राज्य के कई जिलें बाढ की त्रासदी से पीड़ित हु, । बाढ़ से पीड़ित 17 जिलों के लिए बिहार सरकार ने आकस्मिक फसल योजना के अंतर्गत बिहार राज्य निगम लि0 द्वारा निःशुल्क मक्का, तोरिया, सरसो एवं मूली के बीज किसानों को बीज वितरक के माध्यम से उपलब्ध कराया गया।




बिहार राज्य में 86-90% छोटे एवं सीमान्त किसान है। यहाँ के कृषि उत्पादन एवं खाद्य सुरक्षा को बढाने हेतु छोटे एवं सीमांत किसानों को उन्नत एवं अधिक उपज वाले बीज उपलब्ध कराने से ही उत्पादकता में बढोतरी संभव है जो बिहार राज्य को खाद्य सुरक्षा में आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगा, जिससे किसानों की आय दोगुनी होना संभव होगी।

गुणवत्ता युक्त बीज ससमय किसानों को उपलब्ध कराने हेतु बिहार राज्य बीज निगम लि0 द्वारा Digital Platform/App के माध्यम से किसानों से आवेदन प्राप्त किया जाता है तथा इस आवेदन के आधार पर बीज वितरण का कार्य सम्पन्न किया जाता है। वर्ष 2020 में बिहार राज्य बीज निगम ने Home delivery के माध्यम से भी बीज वितरण का कार्य कर रही है। बीज वितरकों और डीलरों से Home delivery को सफल बनाने के लिए अधिक परिश्रम की अपेक्षा है।



Digital Platform/App के माध्यम से किसान भाई–बहन बीज की दर, बीज वितरण का स्थान तथा subsidy की राशि के बारे में भी जानकारी हासिल करते हैं।

पिछले कई दशक में कृषि एवं सूचना संबंधित कई नई तकनीकों का विकास हुआ है। परन्तु किसानों तक इसका पूर्ण रूप से लाभ नहीं पहुँच पाया है। इस बात को ध्यान में रख कर बिहार राज्य बीज निगम लि0 द्वारा पिछले माह कृषि के नई तकनीको तथा किसानों की समस्या को ध्यान में रख कर कृषि विज्ञान में स्नातक कृषि क्षेत्रीय पदाधिकारियों (प्रशिक्षु) की बहाली की गई है।

इन प्रशिक्षुओं द्वारा किसानों को बीज उत्पादन तकनीकी, मिट्टी जाँच व बीजोपचार तथा फसल सुरक्षा व कृषि व बीज उत्पादन संबंधी अन्य समस्याओं के समाधान में मदद की जा रही है। क्षेत्र पदाधिकारी (प्रशिक्षु) कृषि की नयी तकनीकों का प्रयोग कर उत्पादन में वृद्धि करने हेतु किसानों को सलाह मुहैया करायेंगे।

आने वाले समय में बिहार राज्य बीज निगम लि0 बीज एवं अन्य समस्याओं के निवारण हेतु एक शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की स्थापना करने जा रही है, जिस पर किसान, बीज वितरक, बीज विक्रेता एवं अन्य ग्राहक अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते है। साथ ही साथ इस शिकायत के निवारण हेतु उठाये गए कदम के बारे में भी जानकारी हासिल कर सकते हैं। बिहार राज्य बीज निगम गुणवत्ता युक्त बीज उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। अतः बीज उत्पादन से लेकर बीज विपणन के कार्य ।

में गुण नियंत्रण कार्य किया जाता है। गुण नियंत्रण कार्य के तहत वरीय गुण नियंत्रण पदाधिकारी द्वारा खरीफ मौसम में उत्पादित हो रहे धान एवं अन्य फसलों के किसान के खेतों में जा कर निरीक्षण किया जा रहा है एवं आवश्यक निर्देश दिया जा रहा है, जिससे गुणवत्ता युक्त बीज उत्पादन हो सके। रबी मौसम के विभिन्न फसलों के प्रसंस्कृत हो रहे रॉ बीजों का भी बिहार राज्य बीज निगम के सभी प्रसंस्करण इकाई पर भ्रमण कर बीज की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। जिससे प्रसंस्कृत बीज के गुणवत्ता में किसी तरह की कमी नहीं रहे। प्रसंस्कृत बीज का BSSOCA के बीज निरीक्षक द्वारा नमूनाकरण कार्य कर बीज जाँच प्रयोगशाला में जाँच हेतु भेजा जा रहा है। केवल वही प्रसंस्कृत बीज विपणन हेतु भेजा जाता है जिसका नमूना राज्य के बीज–विश्लेषण प्रयोगशाला से सफल प्रतिवेदन प्राप्त होता है।



शेरघाटी स्थित प्रसंस्करण संयंत्र



कुदरा स्थित प्रसंस्करण इकाई